# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः परीक्षा/1251
दिनांकः 06.08.2019

**तत्काल/अति आवश्यक**

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित एवं
स्ववित्त पोषित महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषय : विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बैक पेपर परीक्षा–2019 हेतु समस्त परीक्षा केन्द्रों (महाविद्यालयों/संस्थानों) पर सी0सी0टी0वी (ओडियो सहित)/डी0वी0आर0 की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आपको विदित ही है कि विश्वविद्यालय के संस्थागत एवं व्यक्तिगत पाठ्यक्रमों की मुख्य परीक्षा–2019 की बैक पेपर परीक्षा–2019 अगस्त माह में प्रस्तावित है। सन्दर्भित परीक्षाओं हेतु बनाये जाने वाले परीक्षा केन्द्रों पर सी0सी0टी0वी (ओडियो सहित)/डी0वी0आर0 की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करायी जानी है।

उक्त के सम्बन्ध में सन्दर्भित परीक्षाओं को सुचारू रूप से नकल विहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु उत्तर प्रदेश शासन के आदेश पत्रांक संख्या 9/2018/1036/सत्तर–1–2018–16(9)/2018 के अनुपालन में सन्दर्भित परीक्षाओं हेतु बनाये गये समस्त परीक्षा केन्द्रों पर प्रत्येक कक्ष में सी0सी0टी0वी0 (ओडियो सहित) लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में निदेशानुसार समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों/संस्थानों में **अनिवार्य रूप से कक्ष के आगे व पीछे के भाग में दो कैमरों (ओडियो सहित)/डी0वी0आर0 की व्यवस्था अतिशीघ्र करते हुये उक्त का लिंक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय के सी0सी0टी0वी0 नियन्त्रण कक्ष को आगामी परीक्षाओं से पूर्व प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें,** जिससे शासन के निर्देशानुसार आगामी परीक्षा निर्विघ्न, नकल विहीन एवं सुचारू रूप से सम्पन्न करायी जा सके।

भवदीय

06/08/19

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

01 सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02 वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
03 वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
04 वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
05 सी0सी0टी0वी0 नियंत्रण कक्ष को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

06/08/19

परीक्षा नियंत्रक